पुलिस अधीक्षक बहराइच के कुशल निर्देशन में, थाना जरवल रोड पुलिस द्वारा धारा- 309(6)/317(2) BNS से संबंधित लूट का 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व 02 अदद मोटर साइकिल व नगद 9500/-रु0 किया गया बरामद।

प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस विज्ञप्ति

थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 235/2024 धारा 309(6),317(2) BNS से सम्बन्धित लूट का 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व 02 अदद मोटर साइकिल व नगद 9500/-रु0 बरामद थाना जरवल रोड बहराइच।

दिनांक – 03.09.2024

थाना- जरवल रोड

विवरण:- श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में माल बाजार व सर्राफ मार्केट व अन्य स्थानो पर लगे सी0सी0टीवी0 फुटेज के माध्यम से प्रभावशाली अनावरण के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय श्री रामानन्द कुशवाहा व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज श्री अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी महोदय जरवल रोड के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 235/2024 धारा 309(6),317(2) BNS के सफल अनवारण के क्रम में लूट के 9500/- रु नगद व सीसीटीवी फुटेज में कैद व्यक्ति का नाम पता मुखविर के माध्यम से जानकारी करते हुए गायत्री मंदिर के सामने से ,प्रकाश में आये अभियुक्त प्रवेश पुत्र रामआधार मौर्या उम्र 24 वर्ष निवासी गोवा मझारा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को हिरासत पुलिस में लिया गया तदोपरान्त मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BNS 2023 की बृद्धि करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

नाम पता अभियुक्त:- प्रवेश पुत्र रामआधार मौर्या उम्र 24 वर्ष निवासी गोवा मझारा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी

गिरफ्तारी टीम:- 1.व0उ0नि0श्री अनिरुद्ध यादव,2. उ0नि0 श्री रंजीत भारती ,3. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार यादव,4.उ0नि0 श्री आदित्य कुमार,5.हे0का0 रंजयलाल साहनी,6.हे0का0 धीरेन्द्र कुमार यादव,7.का0राहुल यादव,8.का0साराँश।

फोटो

बीसी संचालक लूटकांड का राजफाश दो बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

कट्टे के बल पर साढे तीन लाख रुपये की लूट का मामला

संसू, जागरण • जरवलरोड (वहराइच): बीसी संचालक से कट्टे के बल पर साढ़े तीन लाख रुपये की लूट का राजफाश जरवलरोड पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने लूट के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीते गुरुवार को पंजाब नेशनल बैंक जरवलरोड के बीसी संचालक रहमतअली झुकिया में अपनी दुकान बंद कर अपने घर आदमपुर जा रहे थे। झुकिया-आदमपुर मार्ग पर ईदगाह के निकट बाइक सवार तीन लुटेरों ने उन्हें रोककर लोहे की राड से हमला कर दिया। गिरने पर कट्टे की बट से मारा-पीटा और रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए थे। मंगलवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक अनुरुद्ध यादव, उप निरीक्षक रंजीत भारती, प्रमोद कुमार यादव, आदित्य कुमार, आरक्षी रणन्जय साहनी, धीरेंद्र कुमार यादव, राहुल यादव व सारांश के साथ लूट में शामिल प्रवेश मौर्य निवासी गोवा मझारा थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी को गायत्री मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से दो बाइक और 9,500 रुपये बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि अन्य लुटेरों की तलाश की जा रही है।

पुलिस की अभिरक्षा में आरोपित • जागरण

9,500 रुपये बरामद, दो अन्य अभियुक्तों को तलाश रही पुलिस